
# Result Mitra Daily Magazine

## अमेरिकी नागरिकों की रूस द्वारा रिहाई



### ❖ हालिया संदर्भ :

- वॉल स्ट्रीट जर्नल (WSJ) के रिपोर्टर, जो पिछले वर्ष मार्च में रूस में गिरफ्तार किए गए थे, उन्हें को USA एवं रूस के बीच हुए कैदी-विनिमय (Prisoner-exchange) में रिहा कर दिया गया।
- यह कैदी विनिमय 1991 के बाद से सबसे बडा विनिमय था, जिसमें 24 व्यक्तियों की रिहाई हुई।
- कैदियों की रिहाई का महत्व इस तथ्य से समझा जा सकता है कि रिहाई के वक्त रूस के राष्ट्रपति पुतिन स्वयं मॉस्को एयरपोर्ट पर मौजूद थे।

### ❖ रिपोर्टर इवान गोर्शकोविच :

- 1991 में जन्मे गोर्शकोव, उन अप्रवासियों के बेटे हैं, जिन्होंने शीत-युद्ध के दौरान सोवियत संघ को छोडकर USA में शरण ली थी।
- गोर्शकोविच धाराप्रवाह रूसी बोलते हैं एवं वर्तमान में WSJ में रिपोर्टिंग का कार्य करते हैं।
- रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने से कुछ दिन पूर्व उन्होंने मास्को में एजेंस फ्रांस और मॉस्को टाइम्स के लिए रिपोर्टिंग की थी।

### ❖ क्यों हुई गिरफ्तारी :

- 29 मार्च 2023 को गोर्शकोविच की गिरफ्तारी मॉस्को से लगभग 1400 पूर्व में स्थित येकाटेरिनबर्ग शहर से की गई।
- बाद में गोर्शकोविच को लेफोटोर्वो भेज दिया गया, जहाँ उन्हें जून तक जेल में रखा गया।
- लेफोटोर्वो जेल अत्यंत सुरक्षित है ओर कथित तौर पर इसका इस्तेमाल FSB सुरक्षा सेवा और इसके पूर्ववर्ती KGB द्वारा जासूसी या अन्य गंभीर अपराधों के आरोपी के लिए किया जाता है।
- गोर्शकोविच पर आरोप था कि उसने यूक्रेन युद्ध में शामिल रूसी टैंक को बनाने वाली कंपनी के बारे में अमेरिकी खुफिया एजेंस (CIA) की तरफ से जानकारी इकट्ठा की है।

## ❖ आरोप-तय :

- जून 2023 में रूसी अदालत ने जासूसी के आधार पर गोर्शकोविच को 16 महीने की जेल हुई।
- गोर्शकोविच ने स्वयं को पूर्णतः निर्दोष बताया।
- इस फैसले की पश्चिमी देशों द्वारा खूब आलोचना की गई एवं WSJ ने इसे अपमानजनक एवं दिखावटी दोषसिद्धि कहा।

## ❖ समय-पूर्व रिहाई :

- गोर्शकोविच की रिहाई आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि पश्चिमी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, USA एवं रूस गोर्शकोविच सहित अन्य कैदियों की रिहाई के लिए एक-दूसरे के संपर्क में थे।
- द गार्जियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, गोर्शकोविच की गिरफ्तारी रूसी नीति का एक भाग है, जिसके तहत रूस पश्चिमी देशों पर रूसी जासूसों, हैकर्स एवं अन्य गंभीर अपराधों के अपराधियों को छोडने का दबाव बनाता है।
- गोर्शकोविच के अलावा एक अन्य महत्वपूर्ण कैदी पॉल व्हेलन की भी रिहाई हो सकती है।
- इस कैदी विनिमय में पश्चिमी देशों में बंद कई रूसी कैदियों की भी रिहा किए जाने की उम्मीद है।

## ❖ रूस के गिरफ्त में अन्य प्रमुख अमेरिकी :

### 1. पॉल व्हेलन -

- इसके पास अमेरिकी, ब्रिटिश, आयरिश एवं कनाडाई नागरिकता है।
- ये अमेरिकी के मरीन अधिकारी है, जिन्हें 2018 में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।
- इन्हें 16 साल की कारावास सुनाई गई थी, हालांकि इस डील के तहत इन्हें भी रिहा किया जाएगा।
- गिरफ्तारी के वक्त व्हेलन मिशिगन स्थित कार पार्ट्स आपूर्तिकर्ता के वैश्विक सुरक्षा के प्रमुख थे।
- रूसी जाँचकर्ताओं के अनुसार, व्हेलन सैन्य खुफिया विभाग के लिए जासूस का कार्य करता था एवं उसे कम्प्यूटर फ्लैश ड्राइव के साथ रंगे हाथों पकडा गया था।
- अमेरिका ने घोषणा की है कि व्हेलन को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है।

## 2. अलसु कुर्माशेवा -

- USA एवं रूस दोनों की नागरिकता प्राप्त,
- प्राग (चेक गणराज्य) स्थित रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी की रिपोर्टर है, जो अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषण है।
- रूस ने कुर्माशेवा को विदेशी एजेंट घोषित किया है।
- इस पर विदेशी एजेंट के रूप में रूस में पंजीकरण न करवाने तथा रूसी सेना के बारे में गलत बातें फैलाने का आरोप लगा है।

## 3. गॉर्डन ब्लैक -

- दक्षिण कोरिया में निवास करने वाला अमेरिकी सक्रिय स्टॉफ सार्जेंट,
- ब्लादिवोस्तोक में रूसी प्रेमिका के 10000 रूबल (113 डॉलर) चुराने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था।
- बाद में प्रेमिका ने झगडे के दौरान उसकी गर्दन पकडकर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया।
- पेंटागन (USA सैन्य प्रशिक्षण) ने ब्लैक को चीन से होते हुए बिना अनुमति के रूस की यात्रा करने को सेना के नियमों का उल्लंघन माना है और ब्लैक ने भी चोरी के आरोपों को आंशिक सत्य माना है।

## 4. रॉबर्ट गिलमैन -

- पूर्व अमेरिकी मरीन अधिकारी,
- नशे में ट्रेन में रूसी अधिकारी पर हमना करने का आरोप,

## 5. केसिया करेलिना-

- अमेरिकी-रूसी (दोहरी) नागरिकता प्राप्त,
- येकाटेरिनबर्ग में परिवार में मिलने आने के दौरान देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तारी,
- FSB सुरक्षा सेवा ने केसिया करेलिना (लांस-एंजिलस निवासी) पर यूक्रेनी सेना के लिए धन इकट्ठा करने का आरोप लगाया है, जबकि इनका कहना है कि उन्होने 50 USD का दान एक NGO को दिया है, जो यूक्रेन में गैर-सैन्य सहायता प्रदान करती है।

## 5. मार्क फेगेल-

- पूर्व शिक्षक एवं अमेरिकी दूतावास (मॉस्को) में सेवा दे चुके है।

Result Mitra

- 2017 में मॉस्को से 17 ग्राम मारिजुआना के साथ गिरफ्तारी की गई, जो ड्रग तस्करी की श्रेणी में आता है।
- मार्क फेगेल ने कहा कि वे मारिजुआना का प्रयोग चिकित्सीय प्रयोगों में करते हैं।
- फेगेल ने मॉस्को में एंग्लो-अमेरिकन स्कूल में पढाने का भी काम कर चुके हैं।

## 6. रॉबर्ट वुडलैंड -

- ये अमेरिकी नागरिक द्वारा तब गोद लिए गए थे, तब वो बेहद कम उम्र के थे।
- ये वर्तमान में USA की नागरिकता रखते हैं।
- इन्हें ड्रग रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## ❖ वाल स्ट्रीट जर्नल :

- पहला अंक 2 जुलाई 1889 में प्रकाशित,
- कभी-कभी इसे केवल 'जर्नल' भी बोला जाता है।
- न्यूयॉर्क शहर में HQ
- न्यूज कार्य के एक प्रभाग डॉन जोन्स एंड कंपनी द्वारा सप्ताह में 6 दिन प्रकाशित किया जाता है।
- चॉर्ल्स डॉन, एडवर्ड जोंस एवं चार्ल्स बर्गस्ट्रेसर इसके संस्थापक सदस्य,
- इसकी भाषा अंग्रेजी है।
- यह एशिया एवं यूरोप सहित दुनिया के विभिन्न भागों में अंतर्राष्ट्रीय संस्करण प्रकाशित करता है।
- अखबार ने अब तक 39 पुलित्जर पुरस्कार जीते है।
- प्रिंट सर्कुलेशन के मामले में WSJ, USA का सबसे बडा अखबार है, जबकि डिजिट सब्सक्राइबर के मामले में यह दूसरा सबसे बडा न्यूज़पेपर है।
- प्रिंट एवं ऑनलाइन दोनों के सम्मिलित रूप में यह USA का दूसरा सबसे बडा अमेरिकी अखबार है।
- न्यूयॉर्क टाइम्स USA का सबसे बडा घरेलू अखबार है, जो प्रिंट सर्कुलेशन के मामले में WSJ के बाद दूसरे स्थान पर है, लेकिन ऑनलाइन सब्सक्राइबर के मामले में यह WSJ से काफी आगे है।

**Note-** पुलित्जर पुरस्कार USA के भीतर समाचार पत्र, पत्रिका, ऑनलाइन पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है।

- यह पुरस्कार 1917 में जोसेफ पुलित्जर द्वारा स्थापित किया गया।

## ❖ FIB या FSS :

- Federal Security Service रूस की प्रमुख सुरक्षा एजेंसी है, जो सोवियत संघ के खुफिया एजेंसी की मुख्य उत्तराधिकारी है।
- FSB का पुनर्गठन 1995 में किया गया था।

- रूस के तीन अन्य महत्वपूर्ण एजेंसी, जो  से स्वतंत्र होकर कार्यरत है, वे है :-

➢ **विदेशी खुफिया सेवा (SVR)**

➢ **संघीय सुरक्षा सेवा (FSO)**

- रूसी राष्ट्रपति के विशेष कार्यक्रमों के लिए मुख्य निदेशालय यानि (GUSP)
- इसका मुख्यालय 'लुब्यंका बिल्डिंग' है।

➢ **CIA -**

- Central Intelligence Agency, अमेरिका की प्रमुख सरकारी खुफिया एजेंसी है, जिसकी स्थापना 1947 में हुई थी।
- वर्जीनिया में CIA का HQ है।
- इसका प्रमुख कार्य वैश्विक मुद्दों पर अलग-अलग देशों से खुफिया जानकारी इकट्ठा कर USA की प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों को साझा करना है।
- इसके अन्य कार्यों में देश को विदेशी जासूसों से बचाना तथा दूसरे देशों में जासूसी करना भी है।
- CIA के प्रमुख उपलब्धियों में ओसामा बिन लादेन की खोज, असली सद्दाम हुसैन की पहचान, 1953 में ईरान में तख्तापलट आदि है।

TM
Result Mitra